AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्नातक में दाखिले के लिए परीक्षाएं 30 से

लविवि : प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी, 26 जून को मिलेगा प्रवेश पत्र, छह जुलाई तक होंगे एग्जाम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत सत्र 2023-24 के लिए स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी कर दिया।

प्रवेश समन्वयक कार्यालय की ओर जारी सूचना के मुताबिक 30 जून से 06 जुलाई के बीच परीक्षाएं करवाई जाएंगी। इसके लिए अभ्यर्थी 26 जून को प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

अभ्यर्थी आवेदित पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा कि तिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक कार्यालय में भी इसके लिए संपर्क किया जा सकता है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या पाठ्य सामग्री लाना प्रतिबंधित होगा।

इन तिथियों में होगी प्रवेश परीक्षा

तारीख	विषय	समय
30 जून	बीएलएड	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
30 जून	डीफार्मा	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे
01 जुलाई	बीए	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे
02 जुलाई	बीकॉम	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
02 जुलाई	बीकॉम ऑनर्स	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
03 जुलाई	बीएससी एजी	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
03 जुलाई	बीएससी बायो	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे
04 जुलाई	बीबीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
04 जुलाई	एलएलबी ऑनर्स	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे
05 जुलाई	बीसीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
05 जुलाई	बीएससी मैथ	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे
06 जुलाई	बीएफए-बीवीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे
06 जुलाई	बीएजेएमसी	दोपहर 2:30 से 4:00 बजे

अभ्यर्थियों को नहीं पता किस कॉलेज में मिलेगा दाखिला

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में स्नातक में दाखिले के लिए परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। हालांकि, आवेदन करने वालों को यह नहीं पता चल पा रहा कि उन्हें किस कॉलेज में प्रवेश मिलेगा। इस संशय के चलते दो से तीन कॉलेजों का प्रवेश फॉर्म खरीदना पड़ रहा है।

स्नातक कोर्सों में प्रवेश के आवेदन के लिए विवि फॉर्म भरने की तिथि तीन बार बढ़ा चुका है। हालांकि, इसने केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले महाविद्यालयों की सूची अभी तक सार्वजनिक नहीं की है। इससे अभ्यर्थियों को पता चल जाता कि लविवि का फॉर्म भरने पर उन्हें कौन से कॉलेजों में दाखिला मिल सकता है। बाहरी जिलों से छात्र लविवि में इसीलिए आवेदन कर रहे हैं कि उन्हें विवि में प्रवेश मिलेगा। विवि में आवेदन फॉर्म का शुल्क और एडेड महाविद्यालयों में आवेदन शुल्क में काफी अंतर है। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर का कहना है कि आवेदन तिथि समाप्त होते ही केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कॉलजों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। अभ्यर्थी किसी भी महाविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल महाविद्यालयों की नहीं जारी हुई सूचना

भारत के गौरवशाली इतिहास से युवाओं का परिचय होना जरूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि में कार्यक्रम में परिवहन मंत्री व अन्य। संवाद

लखनऊ। हिंदवी स्वराज की 350वीं वर्षगांठ पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार की ओर से शुक्रवार को लविवि के मालवीय सभागार में संगोष्ठी की गई। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा के आयोजन से पहले उनके व्यक्तित्व से लोगों को परिचित कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुनील अंबेडकर ने कहा, भारत के गौरवशाली इतिहास का युवाओं से परिचय कराना जरूरी है। इससे हम महानायकों को जानने के साथ राष्ट्र को लूटने वालों में अंतर कर सकेंगे। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष ने कहा, शिवाजी ने अथक संघर्ष के बाद हिंदवी स्वराज का सपना साकार कर पाए। युवाओं को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद सिखाने की आवश्यकता है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा, महानाट्य जाणता राजा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और बलिदानियों के संघर्ष से रूबरू कराने में बड़ी भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में दीन दयाल उपाध्याय विवि के कुलपति राजेश सिंह, शकुंतला विवि के कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह, लविवि कुलपति प्रो. आलोक राय व बीबीएयू कुलपति प्रो. संजय सिंह थे।

भारतीय ज्ञान परंपरा व्यक्तित्व को बनाती है प्रभावशाली

लखनऊ। लविवि के भौतिक विज्ञान विभाग में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा की संवेदनशीलता पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. पवन कुमार ने कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा अद्वितीय ज्ञान का प्रतीक है।

इसमें ज्ञान विज्ञान, लोक-परलोक, कर्म, धर्म तथा भोग का अद्भुत समन्वय है। यह शिक्षा प्रणाली मानव को नैतिक मूल्यों से जोड़ने के साथ उसके व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाती है। यहां तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी उज्जयिनी जैसे विश्व प्रसिद्ध शिक्षा एवं शोध केंद्र थे। ये भारतीय ज्ञान परंपरा को उत्कर्ष पर ले गए। कार्यक्रम में प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. एनके पांडेय, प्रो. आरके शुक्ला व प्रो. अंचल श्रीवास्तव आदि थे। (संवाद)

64 केंद्रों पर होगी स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक के छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की अंतिम सूची शुक्रवार को जारी कर दी। इसके लिए 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीए, बीएससी और बीकॉम की परीक्षाओं के लिए 46 सेंटर हैं। बीबीए, बीसीए की परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं। एलएलबी और एलएलबी ऑनर्स की परीक्षाओं के लिए 11 केंद्र हैं।

लविवि ने चुरूमीयावर को ज्यादातर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके मुताबिक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जून से 03 अगस्त तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 30 से 35 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

लविवि ने जारी की परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची

बीबीए, एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लविवि के परीक्षा विभाग ने बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस, एमबीए एचआर और एमबीए मार्केटिंग का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके मुताबिक बीबीए, बीबीए आईबी और बीबीए एमएस की परीक्षाएं 28 जून से 10 जुलाई तक चलेंगी। एमबीए एचआर और एमबीए मार्केटिंग की परीक्षाएं 28 जून से 10 जुलाई तक चलेंगी।

अब लौंग, हींग और नीम करेगी किताबों की सुरक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के आधुनिक टैगोर पुस्तकालय में किताबों को प्राचीन पद्धतियों लौंग, हींग और नीम से सुरक्षित रखा जाएगा। अभी तक इसके लिए केमिकल का इस्तेमाल होता था। ट्रायल शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में इसे पूरी तरह से लागू किया जाएगा।

मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि इंटेक के साथ इसे अंजाम दिया जा रहा है। टैगोर केंद्रीय पुस्तकालय में करीब पांच लाख किताबें हैं। हर साल 25 हजार नई किताबें आती हैं। इन्हें कीड़ों से बचाने के लिए विशेष रसायन का इस्तेमाल होता है। इसका नुकसान यह है कि किताबें छूने से यह केमिकल पाठकों तक पहुंचता है। कई बार उनके पेट तक पहुंच जाता है। लंबे समय तक ऐसा होना नुकसानदायक होता है।

टैगोर पुस्तकालय में दुर्लभ पाडुलिपियां और बहुमूल्य पेंटिंग भी हैं। प्रो. साहू के अनुसार ट्रायल में प्राचीन पद्धति कारगर साबित हुई है, इसलिए अब इसका पूरी तरह से उपयोग किया जाएगा।

पुस्तकालय में नई आर्ट गैलरी भी बनाई गई है। टैगोर पुस्तकालय में सायबर लाइब्रेरी को शामिल करें तो रोजाना करीब 3500 विद्यार्थी आते हैं।

लविवि के टैगोर पुस्तकालय में पुस्तकों का होगा संरक्षण

29 को होगा वाइवा

लखनऊ। लविवि के वाणिज्य संकाय ने गुरुवार को बीकाम छठे सेमेस्टर के सिप्लिमेंटे के वाइवा की तिथि घोषित कर दी। वाइवा 29 जून को सुबह 10 बजे से विभाग में होगा। (संवाद)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

रेगुलर-एग्जेम्टेड और बैक पेपर की परीक्षा तिथि जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए सम सेमेस्टर में रेगुलर, एग्जेम्टेड और बैक पेपर की परीक्षा डेट जारी कर दी है। वही परीक्षा केन्द्रों की लिस्ट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमबीए एफ एंड सी, एमबीए मार्केटिंग और एमबीए आईबी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 जून से शुरू होंगी। यह परीक्षा 10 जुलाई तक चलेंगी। पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेंगे। इसके अलावा एमबीए फाइव ईयर के छठे समेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। इसकी परीक्षा भी 28 जून से शुरू हो रही है। परीक्षा 10 जुलई तक चलेगी। वही वीबीए सम सेमेस्टर की परीक्षा 28 जून से शुरू होकर 10 जुलाई को समाप्त होगी। इसके अलावा वीबीए, वीसीए, एलएलबी और यूजी के अन्य विषयों के परीक्षा केन्द्रों की लिस्ट एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

NBT PAGE 4

30 से शुरू होगी एलयू की यूजी प्रवेश परीक्षा

26 से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः एलयू प्रशासन ने सत्र 2023-24 में स्नातक की केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा की तारीखें तय कर दी हैं। अलग-अलग कोर्सों में प्रवेश के लिए 30 जून से 6 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं होंगी। एलयू प्रशासन के मुताबिक, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 26 जून को वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। पहली पाली सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से शाम 4 बजे तक चलेगी। फिलहाल इन कोर्सों में आवेदन के लिए स्टूडेंट 22 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कोर्स	तरीख, पाली
बीएलएड	30 जून, पहली
डीफार्मा	30 जून, दूसरी
बीए	1 जुलाई, दूसरी
बीकॉम	2 जुलाई, पहली
बीकॉम-एच	2 जुलाई, दूसरी
बीएससी-एजी	3 जुलाई, पहली
बीएससी-बायो	3 जुलाई, दूसरी
बीबीए	4 जुलाई, पहली
एलएलबी-एच इंटीग्रेटेड	4 जुलाई, दूसरी
बीसीए	5 जुलाई, पहली
बीएससी-मैथ्स	5 जुलाई, दूसरी
बीएफए/बीवीए	6 जुलाई, पहली
बीजेएमसी	6 जुलाई, दूसरी

LU: एमबीए सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने शुक्रवार को एमबीए सम सेमेस्टर में रेगुलर, एजेम्टेड और बैक पेपर की परीक्षा डेट जारी कर दी है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की लिस्ट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। एलयू प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमबीए एफ एंड सी, एमबीए मार्केटिंग और एमबीए आईबी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 जून से शुरू होंगी। यह परीक्षा 10 जुलाई तक चलेंगी। पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेंगे। इसके अलावा एमबीए फाइव ईयर के छठे समेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयूः स्नातक में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 30 से

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। जल्द ही प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए जाएंगे। केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा से संबंधित अहम जानकारियां एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं।

एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2023-24 की स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 30 जून से शुरू हो रही है। अलग-अलग विषयों की प्रवेश परीक्षा 6 जुलाई तक चलेगी।

02 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा

विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर 26 जून को प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए जाएंगे। प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक।

जानकारी के अनुसार दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। समस्या होने पर प्रवेश समन्वयक से सम्पर्क करें।

एमबीए, बीबीए परीक्षाएं 28 से, सेंटर लिस्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सम सेमेस्टर 2023 के तहत एमबीए, बीबीए व एमबीए पांच वर्षीय परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। साथ ही स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी की है। एमबीए, बीबीए की परीक्षाएं 28 से होंगी। परीक्षा केन्द्रों की लिस्ट भी वेबसाइट पर अपलोड है।

i-NEXT PAGE 4

अब विदेशी मेहमानों की भी पसंद बन गया एलयू

एलयू में इस साल यूजी में सबसे अधिक आवेदन, 60 देशों के स्टूडेंट्स ने किया आवेदन

LUCKNOW (16 June): एलयू विदेशी छात्रों की भी पसंद बनी हुई है. इस साल एलयू में 60 देशों के करीब 1200 स्टूडेंट्स ने दाखिले के लिए अप्लाई किया है. ये आवेदन यूजी व पीजी कोर्सेज के लिए हैं. विवि प्रशासन की माने तो यह दाखिलों का सबसे अधिक आंकड़ा है. ये सभी स्टूडेंट्स इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन स्टूडेंट्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत दाखिला लेंगे. जापान से स्टूडेंट्स पॉलिटिकल साइंस, चीन से स्टूडेंट्स हिंदी, मलेशिया से उर्दू पढ़ने के इच्छुक हैं. सबसे ज्यादा आवेदन मैनेजमेंट कोर्स के लिए आए हैं. एलयू में विदेशी स्टूडेंटस की संख्या लगातार बढ़ रही है. साल 2021-22 में 371 स्टूडेंट्स ने अप्लाई किया था. साल 2022-23 में यह आंकड़ा 800 के करीब पहुंच गया था. इस साल यह आंकड़ा एक हजार से ऊपर पहुंच गया है.

रैंक सुधरने से स्टूडेंट्स ले रहे दिलचस्पी

एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एलयू ने बीते तीन साल में बहुत सारे बदलाव किए है. बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर स्टूडेंट्स की पढ़ाई की क्वालिटी सुधारने पर बहुत काम हुआ है. इसके अलावा एलयू ने देश व विदेशों में अपनी पहचान बनाई है. एलयू की रैंकिग में भी सुधार हुआ है. इन सभी कारणों से विदेशी स्टूडेंट्स की भी एलयू को लेकर सकारात्मक छवि बनी है. इस कारण इस साल आवेदनों की संख्या में इजाफा हुआ है. यह एलयू के लिए बहुत सकारात्मक बदलाव है.

एलयू का एंट्रेंस टेस्ट 30 जून से

LUCKNOW (16 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को अंडरग्रेजुएट व अंडरग्रेजुएट प्रोफेशनल कोर्स के एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है. ये एग्जाम 30 जून से लेकर 6 जुलाई के बीच होंगे. एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्टूडेंट्स के लिए 26 जून से प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे. एग्जाम लखनऊ में ही होगा. प्रवेश पत्र से स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र की जानकारी व जरूरी दिशा निर्देश की जानकारी होगी. एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्ट में होंगे. 30 जून को सुबह की पाली में बीएलएड शाम की पाली में डीफार्मा का एग्जाम होगा. 1 जुलाई को शाम की पाली में बीए का एग्जाम होगा. 2 जुलाई को सुबह की पाली में बीकॉम व शाम की पाली में बीकॉम ऑनर्स का एग्जाम होगा. 3 जुलाई को सुबह की पाली में बीएससी एग्रीकल्चर, शाम की पाली में बीएससी बायो, 4 जुलाई को सुबह बीबीए, शाम को एलएलबी ऑनर्स व इंटीग्रेटेड, 5 जुलाई को सुबह की पाली में बीसीए व शाम की पाली में बीएससी मैथ्स के साथ 6 जुलाई को सुबह बीएफए व बीवीए और शाम को बीजेएमसी का एग्जाम होगा.

THE PIONEER PAGE 3

LU VC apprises Guv of activities planned for Int'l Day of Yoga

PNS ■ LUCKNOW

Uttar Pradesh Governor Anandiben Patel on Thursday met the vice-chancellors of state universities to discuss preparations for the upcoming 9th International Day of Yoga. Lucknow University VC Prof Alok Kumar Rai apprised the governor of the ongoing and planned activities.

The Faculty of Yoga and Alternative Medicine, LU, has already organised a series of events in the run-up to the International Day of Yoga. The events commenced on May 28 and included daily practice of the Government of India's common yoga protocol, seminars, workshops, and competitions with the participation of students.

Several informative seminars were organised, covering topics such as the management of joint disorders through yoga, yoga and asthma, yoga and lifestyle, management of diabetes through yoga, yoga and harmony, yoga and holistic health, and management of depression through yoga.

Additionally, workshops were also conducted to provide hands-on training and knowledge to the participants in these specific areas.

The university has also planned a range of activities for the coming days, including yoga sessions tailored for international students, musical yoga, yoga for pregnant women, geriatric yoga, yoga in water, culminating with the grand celebration of the 9th International Day of Yoga on June 21. Approximately 3,000 students will participate in the programme on the main campus, while another 1,000 on the second campus. Moreover, in colleges associated with the University of Lucknow across five districts (Rai Bareli, Lakhimpur, Lucknow, Hardoi, and Sitapur), more than one lakh students will simultaneously perform yoga.

PIONEER PAGE 3

एलयू यूजी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 30 जून से

लखनऊ। स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल कक्षाओं में दाखिले की प्रक्रिया को लेकर आवेदन के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। प्रवेश परीक्षा 30 जून को शुरू होकर 6 जुलाई तक आयोजित होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 26 जून को जारी होंगे। अभ्यर्थी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से अपना लॉगइन आईडी डाल कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्र लखनऊ में ही बनाए जाएंगे। साथ ही प्रवेश परीक्षा पर केंद्र का नाम एवं जरूरी दिशा-निर्देश लिखे गए हैं। जिन्हे अभ्यर्थियों को ध्यान से पढ़ना होगा। बता दें कि विश्वविद्यालय में स्नातक विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 22 जून को समाप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10.30 से 1.30 व दोपहर में 2.30 से 4.00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का कुल आंकड़ा 22 जून को प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जारी किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम, समय सारिणी वेबसाइट पर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया। प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से शुरू होकर छह जुलाई तक चलेंगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समय सारिणी देख सकते हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 26 जून को जारी किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा लखनऊ में ही होगी। प्रवेश पत्र पर केंद्र का नाम व जरूरी निर्देश दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि अपने आवेदित पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा की तिथि देख लें। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों में ईडब्ल्यूएस कोटे को मिलकर 4500 सीटें हैं। लवि ने तीसरी बार स्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ाई है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उनके पास 22 जून तक मौका है।

बीकाम छठे सेमेस्टर का वायवा 29 को: लवि के वाणिज्य विभाग ने बीकाम छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के वायवा की तिथि 29 जून तय की है। संकाय के डीन प्रो. आरके माहेश्वरी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर सुबह 10 बजे से पुराने परिसर स्थित केके सक्सेना बिल्डिंग (न्यू ब्लाक) में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

ये है प्रवेश परीक्षा की समय सारिणी

30 जून	सुबह 10.30 से 12 बजे	बीएलएड
30 जून	दहर 2.30 से चार बजे	डीफार्मा
एक जुलाई	दोपहर 2.30 से चार बजे	बीए
दो जुलाई	सुबह 10.30 से 12 बजे	बीकाम
दो जुलाई	दोपहर 2.30 से चार बजे	बीकाम आनर्स
तीन जुलाई	सुबह 10.30 बजे से 12 बजे	बीएससी एग्रीकल्चर
तीन जुलाई	सुबह 2.30 से चार बजे	बीएससी बायो
चार जुलाई	सुबह 10.30 से 12 बजे	बीबीए
चार जुलाई	दहर 2.30 से चार बजे	एलएलबी (आनर्स) इंटीग्रेटेड
पांच जुलाई	सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे	बीसीए
पांच जुलाई	दोपहर 2.30 से चार बजे	बीएससी (मैथ्स)
छह जुलाई	सुबह 10.30 से 12 बजे	बीएफए/बीवीए
छह जुलाई	दोपहर 2.30 से चार बजे	बीजेएमसी

सूची जारी, यूजी सम सेमेस्टर परीक्षा के लिए 46 केंद्र तय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीए, बीएससी व बीकाम के साथ-साथ बीबीए, बीसीए और एलएलबी सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। इन पाठ्यक्रमों से संबंधित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से केंद्रों की सूची देख सकते हैं।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 27 जून से शुरू होने वाली स्नातक अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की फाइनल सूची जारी कर दी गई है। परीक्षाएं लखनऊ के 46 केंद्रों पर होंगी। वहीं, बीबीए व बीसीए की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 13 और एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं।

बीबीए, बीबीएआईबी की परीक्षाएं 28 से : लवि ने इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए चौथे, एमबीए पांच वर्षीय छठे सेमेस्टर, बीबीए, बीबीएआइबी, बीबीए एमएस छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी। ये परीक्षाएं 28 जून से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलेंगी। इसका समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

भौतिक विज्ञान विभाग में व्याख्यान

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में शुक्रवार को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा एवं उसके माध्यम से आधुनिक शिक्षा का संप्रेषण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अगरतला त्रिपुरा के भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के हेड डा. पवन कुमार ने पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। भौतिक विज्ञान और संस्कृत के शोध छात्रों को इस दिशा में कार्य करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के पूर्व हेड प्रो. एके श्रीवास्तव, भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रो. एनके पाण्डे, प्रो. आरके शुक्ल, प्रो. अंचल श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।

AMRIT VICHAR PAGE 4

स्नातक प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी

व्यवस्था

- 30 से शुरू होगी परीक्षा, 6 जुलाई तक चलेगी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को स्नातक प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया। नए सत्र में दाखिले के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा 30 से शुरू होगी। 26 से एडमिट कार्ड जारी होंगे।

शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन से इसका शेड्यूल जारी कर दिया। साथ ही परीक्षा केंद्र की सूची भी जारी कर दी गई। कुल 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं विश्वविद्यालय ने 22 जून तक स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तारीख बढ़ाई हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षाएं छह जुलाई तक होंगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर शेड्यूल देख सकते हैं।

यह है प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल

30 जून	बीएलएड	समय 10.30 से 12 बजे तक
30 जून	डीफार्मा	दोपहर 2.30 से 4 बजे तक
1 जुलाई	बीए	2:30 से 4 बजे तक
2 जुलाई	बीकॉम	10.30 से 12 बजे तक
3 जुलाई	बीएससी एग्रीकल्चर	10.30 से 12 बजे तक
3 जुलाई	बीएससी बायो	2.30 से 4 बजे तक
4 जुलाई	बीबीए	सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक
4 जुलाई	एलएलबी (एच) इन्टीग्रेटेड	दोपहर 2.30 से चार बजे
5 जुलाई	बीसीए	सुबह 10.30 से 12 बजे तक
5 जुलाई	बीएससी मैथ्स	2.30 से 4 बजे तक
6 जुलाई	बीएफए/बीवीए	सुबह 10- .30 से 12 बजे तक
6 जुलाई	बीजेएमसी	दोपहर 2.30 बजे से चार बजे तक

TOI PAGE 2

LU UG entrance exams between Jun 30 & Jul 6

Based On Multiple-Choice Based Exam Pattern

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University on Friday announced the schedule for its undergraduate entrance test.

The entrance test for admission to BA, BSc, BCom and other UG courses will be held between June 30 and July 6. Like every year the test will be based on multiple-choice based examination pattern.

"The test will be of 90 minutes and there will be 100 objective-type questions and no negative marking. Each question will be of two marks," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said in the exam a candidate's knowledge of 10+2 syllabus will be tested.

For candidates seeking admission in BA questions from Hindi, English, geography, history, civics, psychology and economics will be asked whereas in BCom and BCom (Hons) questions will be from mental ability, commerce, accounting, commercial mathematics, economics and the computer will be asked.

For those who want to crack BSc (maths) entrance test, they should prepare physics, chemistry, mathematics, mental aptitude and basic knowledge of computer applications while BSc (biology) candidates should focus on chemistry, botany, zoology, mental aptitude and computer basics.

For those preparing for law legal general awareness, history, general science, reasoning and mental ability are a must, he added.

"The last date for UG application has been extended till June 22. Candidates should keep in mind that no coaching or special model papers or mock test practice are required to crack the LU entrance test. If a candidate has prepared well for their class 12 Board examination and is clear with concepts then they need not worry, he added.

UG ENTRANCE TEST SCHEDULE

DATE	COURSE	TIMINGS
July 1	BA	2.30pm-4pm
July 2	BCom	10.30am-12 noon
July 2	BCom (Hons)	2.30pm-4pm
July 3	BSc (Agri)	10.30am-12noon
July 3	BSc (Bio)	2.30pm-4pm
July 5	BSc (Math)	2.30pm-4pm

LU to adopt herbal way to protect books from insects

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University is all set to adopt a herbal and traditional way to save books from insects and worms. In place of using chemicals that may pose harmful effects to readers, LU will be using clove, asafoetida and neem, on the recommendation of experts from the Indian National Trust for Art and Cultural Heritage (INTACH).

"We have begun the usage of the clove, asafoetida and neem in a phase-wise manner with the support of INTACH, which has an expertise in restoration works in museums and libraries.

At present, Tagore has 5 lakh books and every year around 25,000 more are added to the collection," said honorary librarian Prof DR Sahu. He said to save such a large collection of books we use chemicals at present.

He said that if this method adopted by the library proves effective it can help us in reducing the use of chemicals.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

लविवि में स्नातक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 30 जून